सार-समाचार

डॉ. मनजीत सिंह का ऑस्ट्रेलिया अवॉर्ड फैलोशिप के लिए चयन

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के भैसावता खुर्द गांव के डॉ. मनजीत सिंह धनखड़ का चयन ऑस्ट्रेलिया अवार्ड फैलोशिप के लिए हुआ है। डॉ. धनखड़ उदयपुर के महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मृदा एवं जल अभियांत्रिकी विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है एवं राजस्थान सरकार द्वारा गठित जल नीति निर्धारण समिति के सदस्य भी हैं। जल प्रबंधन एवं संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. मनजीत सिंह सहित भारत के कुल छह जल विशेषज्ञों को अतिप्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलिया अवार्ड फैलोशिप के लिए चयन हुआ है। ये सभी जल विशेषज्ञों ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रस्थान किया। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मामलात व ट्रेड विभाग की ओर से प्रदत्त इस अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप स्टडी को इंस्टीट्यूट फॉर स्टडी एंड डवलपमेंट वर्ल्ड वाइड, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी तथा ऑस्ट्रेलिया इंडिया वाटर सेंटर मिलकर आयोजित कर रहे हैं। डॉ. बसंत माहेश्वरी, डॉ. बसुंधरा भट्टराई के नेतृत्व एवं डॉ. निक शोफिल्ड, डॉ. रोजर पेकहैम के संयोजन में यह फैलोशिप 14 अप्रेल से होगी। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने बताया कि यह फैलोशिप विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है, जिसके तहत राजस्थान में जल प्रबंधन एवं संरक्षण के क्षेत्र में बढ़ावा मिलेगा। अवार्ड फैलोशिप के तहत भारत के काटली नदी, आयड़ एवं बेडच बेसिन, ऑस्ट्रेलिया के हॉक्सबरी-निपीन, हंटर वैली, विंगेकेरेबी, वोलोंगोंग जल ग्रहण क्षेत्रों में वाटरशेड में जलवायु परिवर्तन से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों पर मिलकर अध्ययन करेंगे। विश्व के 13 विशेषज्ञ जल प्रबंधन एवं संरक्षण, शहरी जल आपूर्ति प्रबंधन, वर्षा जल गुणवत्ता, बाढ़ प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन ग्रामीण-शहरी जल प्रबंधन, जल सुरक्षा, जल संशोधन, नदियों को पुनः जीवन, पर्यावरणीय प्रवाह इत्यादि विषयों पर गहन अध्ययन व परस्पर सीख से समग्र प्लान बनाएंगे। डॉ. मनजीत सिंह ने कहा कि राजस्थान के नदी बेसिनों के विकास व संरक्षण की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. मनजीत सिंह धनखड़ की पत्नी डॉ. उर्मिला धायल भी महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय गेहूं एवं जौ सुधार अनुसंधान परियोजना में कार्यरत है।

'शिव का स्मरण ही दुखों का निवारण'

रतनगढ़ (निसं)। नगर में सरदारशहर बाईपास रोड के पास स्थित नंदीशाला में रविवार को प्रशासन की स्वीकृति के बाद शिवमहापुराण कथा का आयोजन पुनः किया गया है। उल्लेखनीय रहे की शुक्रवार 11 अप्रेल को शुरू हुई कथा में पहले ही दिन अंधड़ में टैंट उड जाने के कारण प्रशासन ने आमजन के जान माल की सुरक्षा को देखते हुए कथा पर रोक लगा दी थी। उसके बाद पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने पंडाल में रहकर अव्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया ओर प्रशासन को ज़िम्मेदारियों का शपथ पत्र दिया। उसके बाद प्रशासन ने नियम व शर्तों के साथ रविवार सुबह करीब 11 बजे कथा की स्वीकृति दी थी। दोपहर 1 बजे शुरू हुई कथा में अंतराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने भगवान शिव के प्रसंगों को मर्म से समझाते हुए शिव आराधना का महत्व बताया। मिश्रा ने कहा कि जब तक हम सत्य और धर्म के मार्ग पर नहीं चलेंगे तब तक हमारा हृदय परिवर्तन नहीं हो सकता। शिवपूजन से सारे कष्ट दूर हो कर सुख शांति प्राप्त होती है ओर शिव का स्मरण ही दुखों का निवारण है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, रूबी महर्षि, चांद कंवर राठौड़, मंजू देवी,पूर्णिमा लढा,भागीरथ सिंह राठौड़, अर्जुनसिंह फ्रांसा, धनराज इंदौरिया, सुनील मेला मास्टर, सुनील कम्मा,स्वरुप सिंह सेहला,अरविंद मिश्रा, सुरेंद्र महर्षि,अंजनी चोटिया, युधिष्ठिर लाहोटी, निखिल इंदौरिया, सलीम खान सहित हजारों श्रदालु मौजूद थे।

संगोष्ठी का आयोजन

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर ग्राम घस्सू स्थित मोहिनी देवी गोयनका गर्ल्स बी एड कॉलेज में भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद्,नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। संयोजक व प्राचार्य डा.राकेश कुमार ने बताया कि संगोष्ठी का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति2020:भारतीय ज्ञान परंपरा एवं आधुनिक शिक्षा था जिसमें उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि शिरीषपाल सिंह,एन सी ई आर टी,नई दिल्ली विशिष्ट अतिथि प्रों चंदन सहारण महर्षि अरविंद यूनीवर्सिटी जयपुर,व मुख्य वक्ता के रूप में प्रो.रेणु यादव,केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ.हरियाणा उपस्थित रहे। वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा की वर्तमान में प्रासंगिकता,महत्त्व व आवश्यकता पर अपने विचार प्रकट किए। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालयी व उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम में व्यवस्थित तरीके से पुरातन ज्ञान व विज्ञान का समावेश करना चाहिए ताकि युवावर्ग इससे लाभान्वित हो सके। समन्वयक राकेश पारीक ने निर्धारित विषय पर अपने विचार प्रकट किए।संगोष्ठी का संचालन अनामिका यादव ने किया।समूह परिचर्चा सत्र की अध्यक्षता डॉ वेदप्रकाश रेड्डू ने की जबकि सदस्यों के रूप में डॉ मोहन सिंह शेखावत,डॉ आर.के.शर्मा व डॉ स्नेहलता ढाका ने विचार व्यक्त किए।इस सत्र का संचालन राकेश पारीक ने किया।

सामाजिक समरसता दिवस मनाया

चूरू (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ(राष्ट्रीय) उपशाखा चूरू के तत्वावधान मेंऔझा आदर्श विद्या मंदिर में अंबेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सूर्य प्रकाश शर्मा ने बाबासाहेब के जीवनवृत पर अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य विक्रम स्वामी ने अम्बेडकर को सर्वसमाज की विभूति बताया।मुख्य अतिथि साक्षरता अधिकारी राजेन्द्र गहलोत ने संविधान सभा मे भीमराव के योगदान के बारे में विचार रखे।कार्यक्रम के अध्यक्ष व मुख्यवक्ता जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने वर्ण व्यवस्था व जाति व्यवस्था के बारे में विस्तार से वर्णन किया व बाबासाहेब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन उपशाखा अध्यक्ष प्रभुदयाल सिंगोदिया ने किया। इस अवसर पर कन्हैयालाल सैनी, होशियार चंद्र सारस्वत, मंगलचंद सैनी, राजकुमार शर्मा, साक्षरता ब्लॉक समन्वयक चिरंजीलाल सैनी, सज्जन शर्मा, सुरेंद्र परिहार,अनुपम सैनी, नरेंद्र शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संकटमोचन हनुमान मंदिर में रात्री जागरण

चूरू (निसं)। निकटवर्ती ग्राम ढाणी लाल सिंह पुरा के संकटमोचन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार को भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की आकर्षक प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर चिमनाराम किरोड़ीवाल, रणजीत सैनी, रामेष्वर लाल फलडोलिया, सांवरमल, मदनलाल सैनी, नंदलाल दहिया, परमेष्वर लाल, धर्मपाल कटारिया आदि कलाकारों ने कीर्तन की है रात बाबा आज थानै आणो है, थानै लाड़ लडावै माता अंजना, नमः शिवाय ओम नमः शिवाय रटता जा.....सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। इस अवसर पर गोपाल राम सुईवाल, सांवरमल पूनियां, पूर्णमल सैनी, शीशपाल पूनिया, भागीरथ, मांगीलाल, रामदयाल जाट, राधेश्याम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

भजनों की स्वर लहरियां गूंजी

चूरू (निसं)। हनुमानगढ़ी बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव व स्वर्ण जयंती समारोह शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विशाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विशाल रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हरीश भावसिंका व महेश पांडेय ने बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर किया। गायक संजय सर्वा ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की आकर्षक प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान राधा कृष्ण व बालाजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर यशपाल भावसिंका, दीपक भावसिंका, अरविन्द आदि ने आयोजकीय भूमिका निभाई। इससे पूर्व 100 वर्ष पूरे होने पर आतिशबाजी कर बालाजी महाराज को रिझाया गया।

राजलदेसर में पंचायत समिति बनाने की मांग

राजलदेसर (निसं)। अखिल भारतीय किसान मोर्चा के तहसील अध्यक्ष कामरेड भादर भामू ने बताया कि राजलदेसर तहसील में पंचायत समिति बनाने की माँग को लेकर राजकीय महाविद्यालय से सुबह 9 बजे विशाल रैली के रूप में मुख्य मार्गों से होकर विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया जाएगा। उसी के बाद संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले तहसील के आगे अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा।

खेतड़ी में चल रहे तीन दिवसीय हनुमान मंदिर महोत्सव का समापन

खेतड़ी, (निसं)। कस्बे के हनुमानगढ़ी में चल रहे तीन दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव का रविवार शाम को हवन के साथ समापन हुआ। महोत्सव में शास्त्री गोपाल शर्मा ने मंत्रोचार के साथ हवन व पूजन करवाया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने सामुहिक आहुति देकर विश्व के कल्याण की कामना की। शास्त्री गोपाल शर्मा ने कहा किहवनके संदर्भ में उनका मानना है किहवनसिर्फ कोई धार्मिक काम नहीं है बल्कि एक महत्वपूर्ण विज्ञान है ।उन्होंने ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में धार्मिक अनुष्ठान करने चाहिए। भगवान के प्रति आस्था रखने से सदैव

■ सामूहिक आहुति देकर विश्व के कल्याण की कामना

कस्बे के हनुमानगढ़ी में चल रहे तीन दिवसीय हनुमान जयंती महोत्सव का हवन के साथ समापन हुआ।

जीवन आनंदमय रहता है तो भगवान की भक्ति करने से अपने भक्तों पर हमेशा भगवान की कृपा रहती हैं।

प्रत्येक व्यक्ति को जीव जंतुओं की सेवा करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। गाय का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है, इसकी पुजा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। हिन्दू धर्म में गाय माता को विशेष स्थान दिया गया है, गाय के गुणों से मनुष्य अनेक प्रकार की बिमारियों से भी मुक्ति पाता है। मनुष्य को अपने धर्म व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। देश में अनेक धर्मों के लोग अपनी संस्कृति के अनुसार अपने धार्मिक कार्यों का निर्वहन करते है।

इससे पहले शारदा पुजन, राम जन्म का पाठ, भगवान श्री राम लक्ष्मण सीता हनुमान राधाकृष्ण शिव की आर्कषक झांकियां निकालकर नगर परिक्रमा करवाई गई। कार्यक्रम के दौरान मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया।हवनके बाद मंदिर में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोग ने बैठकर प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर गोपाल सैनी, सत्यनारायण भार्गव, कैलाश स्वामी, राजू सोनी, पवन शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

केमिकल चोरी कर लाखों का अवैध धंधा करने का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार

सादुलपुर, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर पुलिस ने एक होटल में दबिश देकर केमिकल से भरे पांच दर्जन से अधिक ड्रमों को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पुलिस ने लाखों की लागत का केमिकल बरामद किया है।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि रोही गांव डोकवा एन.एच. 52 पर स्थित एक होटल का मालिक संदीप पुत्र हरि सिंह जाट अवैध ज्वलनशील पदार्थ केमिकल का धंधा करता है। ज्वलनशील पदार्थ केमिकल टैंकर चालकों के साथ मिलकर चोरी कर भंडारण कर बेचने का धंधा करता है, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर होटल में दबिश दी, जहां काफी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ केमिकल के भरे हुए तथा खाली प्लास्टिक के ड्रम है, जिनमें से बदबू आ रही थी। पुलिस ने मौके से केमिकल के भरे हुए 12 ड्रम सहित एक ड्रम आधा करीब 100 लीटर भरा हुआ था तथा 65 ड्रम खाली थे, इसके अलावा ड्रम के ढक्कन खोलने और बंद करने की लोहे की दो चाबी भी बरामद की है। थाना अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप कुमार केमिकल से भरे वाहनों के चालकों से मिलीभगत कर तथा केमिकल चोरी कर बिक्री करने के धंधा करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि होटल का मालिक संदीप के खिलाफ एक अन्य मामला भी दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान अंतर्गत जांच में पता चला कि होटल के पीछे आरोपी के खेत में काफी मात्रा में अवैध ज्वलनशील पदार्थ केमिकल भंडारण की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि होटल के पीछे खुली जगह में काफी संख्या में प्लास्टिक के भरे व खाली ड्रम हैं तथा ड्रम के पास केमिकल मिलाने वाली इलेक्ट्रिक मशीन में वायर एक पेट्रोल से चलने वाला जनरेटर मशीन सफेद रंग की पाइप, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, ड्रम के ढक्कन खोलने व बंद करने की लोहे की दो चाबियां, एक सफेद एक काले रंग की पाइप पड़ी हुई है। मौके पर एक व्यक्ति जिसका नाम पता-पूछा तो अपना नाम अनूप पुत्र बलबीर सिंह जाट निवासी पटौदी थाना तोशाम जिला भिवानी हरियाणा होना बताया तथा बताया कि यह होटल उसके मामा के लड़के संदीप का है। थाना अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी संदीप कुमार बिना किसी लाइसेंस और परमिट के तथा यह जानते हुए भी की चालक चोरी करके केमिकल बेचते है।

प्राइवेट डॉक्टर, लेकिन परामर्श, जांच, दवा सब फ्री

झुंझुनूं, (निसं)। झुंझुनूं जिले में एक ऐसा अस्पताल संचालित हो रहा है, जहां पर सरकारी और प्राइवेट चिकित्सक हर दिन दो घंटे तक मरीजों को ना केवल फ्री परामर्श देते हैं, बल्कि सामान्य जांचें और दवा तक फ्री मिलती है। इस अस्पताल को गरीबों का अस्पताल के रूप में पहचाना जाता है, जहां पर सरकारी व निजी अस्पतालों से जुड़े करीब 10 डॉक्टर और 15 चिकित्साकर्मी रोजाना दो घंटे मरीजों का इलाज करते हैं। सामान्य जांच और दवा फ्री है। बड़ी जांचें निजी केंद्रों पर नो प्रोफिट-नो लोस में करवाते हैं। जरूरतमंद मरीज को उधार में मेडिकल उपकरण भी मुहैया करवाते हैं।

झुंझुनूं शहर में ईदगाह के नजदीक एनजीओ मेडिकल सर्विस सोसायटी की ओर से अनूठा अस्पताल संचालित होता है। इस पॉलिक्लिनिक से अब तक 30 डॉक्टर और 42 चिकित्साकर्मी जुड़ चुके हैं जो सभी निशुल्क सर्विस देते हैं। रोटेशन के हिसाब से हर डॉक्टर की चौथे दिन ड्यूटी लगती है। यह क्लिनिक रोजाना शाम को दो घंटे ही खुलता है, लेकिन इस दौरान औसतन 50 से अधिक मरीज इलाज करवाने आते हैं। इसमें रोजाना पांच से दस डॉक्टर शाम के समय पांच से सात बजे तक रोटेशन के अनुसार अपनी निशुल्क सेवाएं देते हैं। रोगी को जहां तक संभव है, दवा फ्री दी जाती है। जरुरतमंद लोगों के प्रति सेवा भाव को देखते हुए कई सामाजिक संगठन भी इस सोसायटी की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। लायंस क्लब झुंझुनूं, महावीर इंटरनेशनल झुंझुनूं ने भी मेडिकल उपकरण उपलब्ध करवाए हैं। यहां पर इलाज करवाने के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी किसी तरह के महंगे इलाज की झिझक नहीं होती और अपनी बीमारियों को खुलकर चिकित्सकों के सामने रखते है।

इस प्रोजेक्ट की शुरुआत करने वाले समाजसेवी जाकिर सिद्दीकी ने बताया कि कोरोना काल में अस्पतालों में गरीबों को न बेड मिल रहे थे और न ऑक्सीजन। इलाज के अभाव में लोगों की सांसें टूट रही थी। वे मेडिकल लाइन से जुड़े हुए है। इसलिए यह दर्द उन्होंने खुद महसूस किया।

पक्षियों के लिए परिंडे लगाए, नियमित पानी डालने की जिम्मेदारी ली

खिरोड़, (निसं)। टोंक छिलरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्टाफ द्वारा विद्यालय में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। संस्था प्रधान संजू नेहरा ने बताया कि विद्यार्थियों में जीवों के प्रति प्रेम व सहानुभूति के भाव जागृत करने की जरूरत है।

परिंडे बांधने जैसे अभियान के जरिए हम विद्यार्थियों को ऐसे जीवंत उदाहरण दे सकते है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में इस समय पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हुए परिंडे बांधे गए व विद्यार्थियों को नियमित रूप से उनमें साफ सफाई कर पानी भरने की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर उप प्राचार्या मोनिका, व्याख्याता संदीप कुमार, वरिष्ठ अध्यापक महावीरप्रसाद सैनी, ताराचंद डूडी, रामलखन सैनी, अध्यापक जीवनराम, रमेशचंद्र शर्मा, लक्ष्मणराम, अमन कुमार, कुलदीप सिंह शारीरिक शिक्षक, कंप्यूटर अनुदेशक मनोज कुलदीप, संदीप कुमार वरिष्ठ सहायक, पंचायत सहायक शर्मिला, सुमन शर्मा सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

टोंक छिलरी स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्टाफ द्वारा विद्यालय में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए।

हनुमान जन्मोत्सव के तहत धोली सती दादी मंदिर में भजनों की स्वर लहरियां गूंजी

चूरू (निसं)। चैत्र पूर्णिमा के उपलक्ष में हनुमान जन्मोत्सव के तहत स्थानीय धोली सती दादी मंदिर में विकास नाथ महाराज के सानिध्य में भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया गया। विद्यानाथ महाराज ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने आसरो बालाजी म्हानै थारो, 64 जोगनी मंदरिये रमजा, आकाशनाथ महाराज ने ना स्वर है ना सरगम है, मां मंगल की मूल भवानी सरणा तेरा है, बलिहारी-बलिहारी म्हारे सतगुरु ने बलिहारी, किशन नाथ महाराज ने ऊंचे पहाड़ों वाली, भारत का रहने वाला हूं भारत की बात सुनाता हूं सहित अनेक मनमोहक भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित स्त्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न मठों के संतों का सातड़ा परिवार के विजय कुमार सातडेवाला, हरी प्रसाद, लालचंद, जगदीश प्रसाद, कमल, राजकुमार, जगन्नाथ ने माल्यार्पण कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में दिनेश शर्मा, राजेंद्र ठठेरा, मनफुल चौधरी, हरी मोहता, वैध राजेश शर्मा, मनोहर शर्मा, इंद्र पुरोहित, ब्रह्मदत्त शर्मा, गोविंद महनसरिया सहित बडी संख्या में महिला-पुरुष व शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे। विजय कुमार सातडेवाला ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

चैत्र पूर्णिमा के उपलक्ष में हनुमान जन्मोत्सव के तहत स्थानीय धोली सती दादी मंदिर में विकास नाथ महाराज के सानिध्य में भव्य रात्री जागरण का आयोजन किया गया।

अखंड ज्योत है अपार माया, श्याम देव की प्रबल छाया : पाठ वाचक विनोद

चूरू (निसं)। श्रीश्याम अखंड ज्योत पाठ समिति चूरू की ओर से रविवार को नागवानों के नोहरे में श्याम अखंड ज्योत पाठ का 11वां भव्य उत्सव फटकारो मोरछड़ी कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा श्याम की ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया गया।

इस दौरान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कराई। राघव चौधरी व कृष्णा चौधरी ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान कोलकाता के पाठ वाचक विनोद ने अखंड ज्योत है अपार माया श्याम देव की प्रबल छाया सहित अनेक भजनों के माध्यम से संगीतमय पाठ का वाचन किया। इस अवसर पर बाबा श्याम के दरबार का ड्राई फ्रूट व विशेष प्रकार के फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। कार्यक्रम में इत्र वर्षा, अखंड ज्योत व छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। श्याम पाठ में प्रसंग के दौरान शिव आराधना, बारात स्वागत, भीम विवाह, कन्यादान, श्याम जन्मोत्सव की नृत्य नाटिकाएं सभी के आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने भी शिरकत कर खाटू नरेश से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान महिला-पुरूषों के लिये पाठ में बैठनें की अलग से व्यवस्था की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ समिति के पदाधिकारी व श्याम प्रेमी मौजूद थे।

श्रीश्याम अखंड ज्योत पाठ समिति चूरू की ओर से फटकारो मोरछड़ी कार्यक्रम आयोजित हुआ।

सार-समाचार

बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण आज

झुंझुनूं, (निसं)। चनाना गांव स्थित अंबेडकर पार्क में अंबेडकर जयंती के मौके पर सोमवार को बाबा साहेब की मूर्ति का अनावरण होगा। यह मूर्ति कांग्रेस जिलाध्यक्ष व नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा द्वारा स्थापित करवाई गई है। जिसका अनावरण सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे स्वयं जिलाध्यक्ष सुंडा करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय बिग केट गठबंधन नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिशाषी अधिकारी जुगलाल सिंह मेघवाल होंगे। जबकि अध्यक्षता सरपंच चरण सिंह धींवा तथा पंचायत समिति सदस्य सुमन डिग्रवाल करेंगी। विशिष्ट अतिथि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के अतिरिक्त निदेशक मुकेश डिग्रवाल होंगे। कार्यक्रम का आरंभ मूर्ति अनावरण के साथ शुरू होगा। इसके बाद साढे नौ बजे संवाद कार्यक्रम और 11 बजे सम्मान समारोह होगा। भीमराव अम्बेडकर समिति चनाना के अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई है। इधर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा ने बताया कि उनके द्वारा बाबा साहेब के सम्मान और उनके जीवन के बारे में हर व्यक्ति को मालूम हो। इसके लिए लगातार सालों से मुहिम चलाई जा रही है। उन्होंने सभी सरकारी कार्यालयों में बाबा साहेब की फोटो भी उपलब्ध करवाई थी। वहीं अब नवलगढ़ पंचायत समिति की 11 पंचायतों में अंबेडकर भवन बनाने के लिए राशि का आवंटन कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 11 पंचायतों में ना केवल अंबेडकर भवन बनेंगे। बल्कि लाइब्रेरी के साथ-साथ सभी में बाबा साहेब की प्रतिमा स्थापित करवाई जाएगी। ताकि बाबा साहेब के आदर्शों से युवा पीढी प्रेरणा लें। साथ ही युवाओं को लाइब्रेरी के लिए गांव से दूर नहीं जाना पड़े।

महाराष्ट्र के गृह मंत्री डॉ. भोयर झुंझुनूं आए

झुंझुनूं, (निसं)। महाराष्ट्र के गृह रूरल, हाउसिंग, स्कूली शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर दो दिन के शेखावाटी के दौरे पर रहे। पहले दिन उन्होंने खाटूश्यामजी और दूसरे दिन सालासर बालाजी के दर्शन किए। उनके साथ उनकी पत्नी शीतल भोयर और मित्र भाजपा नेता सुरेश भूकर भी थे। सालासर दर्शन के बाद मंत्री डॉ. भोयर झुंझुनूं पहुंचे। जहां पर अग्रसेन सर्किल स्थित विधायक जनसेवा केंद्र में विधायक राजेंद्र भांबू और युवा नेता सचिन भांबू के नेतृत्व में स्वागत किया गया। करीब एक घंटे तक मंत्री डॉ. भोयर तथा विधायक भांबू के बीच बातचीत हुई। जिसमें डॉ. भोयर ने राजस्थान सरकार और झुंझुनूं जिले के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इसके बाद डॉ. भोयर चिड़ावा भी अपने मित्र भाजपा नेता सुरेश भूकर के निवास पर रूके। जहां पर भी उन्होंने भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर समेत अन्य भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें महाराष्ट्र आने का न्यौता दिया। चिड़ावा पहुंचने पर मंत्री डॉ. पंकज भोयर ने सबसे पहले पूर्व पार्षद व भाजपा नेता सुरेश भूकर की मां संतोष देवी का आशीर्वाद भी लिया। इस मौके पर सुरेश भूकर की पार्षद पत्नी सरिता, बेटी ऐंजल भूकर, देवरोड़ सरपंच अनूप नेहरा, दीपक, मुकेश खंडेलवाल, मोहित तामड़ायत आदि भी मौजूद रहे। डॉ. भोयर ने बताया कि यह उनकी निजी यात्रा थी। उन्होंने परिवार सहित खाटूश्यामजी और सालासर के दर्शन के अलावा झुंझुनूं में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

महात्मा ज्योतिबा फूले रैली निकाली

झुंझुनूं, (निसं)। सर्व समाज एकता मंच द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती एवं महात्मा ज्योतिबा फूले की स्मृति में आयोजित अंबेडकर-फूले मोटरसाइकिल रैली की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसी क्रम में अणगासर रोड स्थित वार्ड नंबर पांच में श्री अंबे माताजी मंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें रैली की रूपरेखा और व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। रैली के संयोजक प्रदीप चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रैली 14 अप्रेल को शाम चार बजे गांधी चौक से प्रारंभ होकर डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क तक निकाली जाएगी। रैली का उद्देश्य सामाजिक समरसता, समानता और जनजागरूकता का संदेश देना है। उन्होंने सर्व समाज से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस ऐतिहासिक अवसर को सफल बनाने की अपील की। बैठक में राजेश बजाड़, पवन आलड़िया, सुभाषचंद्र नायक, विजयसिंह नायक, जगदीश नायक, विशाल नायक, रितेश नायक, प्रीतम सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।